डीजल के कोटे में वृद्धि करने के लिये गुजरात से प्राप्त अनुरोध

*234. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात सरकार ने डीजल के कोटे में वृद्धि करने का अनुरोध किया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान गुजरात में डीजल की मांग कितनी थी और केन्द्रीय सरकार ने कितनी मात्रा में आपूर्ति की थी ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ग) डीजल का राज्यवार कोटा नहीं है। फिलहाल गुजरात राज्य में डीजल की मांग को पूर्णतः पूरा किया जा रहा है।

गत तीन वर्षों के दौरान गुजरात को डीजल की आपूर्ति निम्नानुसार रही है:—

वर्ष	मात्रा आपूर्तियां (मि० ट० में)
1989–90	1296390
1990–91	1328720
1991–92	1457841

तेल और गैस की खोज से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं पर खर्च की गई राशि

235. **श्री अजीत जोगी :**

श्री राधाकिशन मालवीय :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान तेल और गैस की खोज संबंधी विभिन्न परियोजनाओं पर वर्षवार कितनी-कितनी राशि खर्च की गई;

(ख) ऐसी कितनी परियोजनाएं विदेशी कंपनियों द्वारा शुरू की गई हैं और क्या वे सभी परियोजनाएं सफल रही हैं;

(ग) उक्त अवधि के दौरान ऐसी परियोजनाओं पर कितनी राशि खर्च की गई है; और

(घ) खोज कार्य हेतु उक्त विदेशी कंपनियों को दुर्लभ विदेशी मुद्रा में भुगतान न किया जाये इसके लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग और ऑयल इंडिया लि० द्वारा अन्वेषण पर खर्च की गई राशि निम्नलिखित है :—

(करोड़ रुपये)

वर्ष	राशि
1989–90	1062.89
1990–91	1168.64
1991–92	1401.35
योग :	3632.88

(ख) और (ग) गहन संवेकित अन्वेषण कार्यक्रम (आई०आई०ई०पी०) के अधीन उत्तरी-कैम्बे, कावेरी और पश्चिम बंगाल बेसिनों में पूर्व सोवियत संघ के वी/ओ मैचिनोइम्पोर्ट द्वारा तीन टर्न-की परियोजनाएं हाथ में ली गई थीं। तथापि, कोई वाणिज्यिक हाइड्रोकार्बन भण्डार स्थापित नहीं किए जा सके। वर्ष 1989-90 से 1991–92 के दौरान कुल 23117.33 लाख रुपए खर्च किए गए हैं तेल/गैस के अन्वेषण की तीसरे दौर की बोली के अधीन 5 विदेशी कम्पनियों के साथ 9